हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 15 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 21.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

4
आकर्षि ने बैडमिंटन चौंपियनशिप पहला मैच जीता



## खबर संक्षेप

### डीजल चोर गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** डीजल चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 नवम्बर को ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4038 से चालक सीमेंट लोड़कर अंबिकापुर आया था और ट्रक खाली नहीं हो पाने के कारण रिंग रोड किनारे पार्क कर सो गे था। देर रात 3 बजे डीजल टंकी की तरफ से आवाज आई तो चालक नीचे उतकर देखा जहां तीन से चार नकाबपोश डीजल चोरी कर रहे थे। जब चालक ने मना किया तो चाकू, गुप्ती से मारपीट करने लगे। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 309(4), 309(6), 312 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी हीरालाल लोनी, रोहित लोनी, ध्रुव लोनी, बसंत लोनी की पहचान की जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम बनायी गई। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद गाड़ी अंबिकापुर से बिलासपुर की ओर जा रही है। ऐसे में पुलिस ने वाहन का पीछाकर रतनपुर के पास उन्हें पकड़ा। इस दौरान कार सवार रितेश तिवारी ही पुलिस ने हाथ लगा जबकि अन्य भाग निकले। इस मामले में पुलिस ने एमपी शहडोल के ग्राम रस्मोहनी निवासी 28 वर्षीय रितेश तिवारी आ. बद्रीनाथ तिवारी को गिरफ्तार करने के साथ ही बलेनो कार क्रमांक एमपी 65 जेडबी 3139 व 200 लीटर डीजल, पाइप जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एएसआई अदीप सिंह, नितिन सिन्हा, अमित विश्वकर्मा, साइबर सेल अंबिकापुर से प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, जीतेश साहू, रमन मण्डल, बृजेश राय सक्रिय रहे।

### आपस में भिड़े गुड़ फैक्ट्रियों के संचालक

**अम्बिकापुर।** बतौली क्षेत्र के बेलकोटा की दो निजी गुड़ फैक्ट्रियों के संचालक आपस में भिड़ गए। गन्ना खरीदी को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिससे एक संचालक के सिर में गंभीर चोट आया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट बतौली थाने में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि कुछ वर्ष पूर्व श्रीराम फैक्ट्री संचालक के खिलाफ कट्टा लहराने का मामला दर्ज हुआ था, जिस पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई भी की थी। इसी पुराने विवाद को आधार बनाकर दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद हो गया। गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे दोनों फैक्ट्रियों के संचालक और समर्थक आमने-सामने भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि श्रीराम फैक्ट्री संचालक का सिर फट गया और वह लहूलुहान हालत में बतौली थाना पहुंच गया। वहीं महामाया फैक्ट्री संचालक को भी अंदरूनी चोटें आने से घायल हो गया। इस संबंध में बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर ली है।

### सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत

# पत्थलगांव से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-43 की हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

शहर के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 43 अपनी दयनीय हालत पर आंसू बहा रहा है। सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढों से उड़ती धूल ने लोगों को परेशान कर दिया है। रोजाना गड्ढों में गिरकर लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। रोजाना बड़ी संख्या में चलते बड़े छोटे वाहनों को गड्ढों पर ही चलना मजबूरी बन गया है।

हाल के दिनों में केंद सरकार ने 9 करोड़ रुपये से सड़क के गड्ढों को बनाने स्वीकृत किया है, जिसमें पत्थलगांव सीतापुर कांसाबेल सहित अन्य जगहों की सड़कों पर काम होना है। ठेकेदार ने दो से तीन जगहों की सड़क को जैसे तैसे बनाया पर कोई मतलब नहीं निकला। बस स्टैंड के पास गुणवत्ताहीन ▶▶ शेष पेज 4 पर



### गड्ढों से उड़ती धूल जनता को कर रही परेशान



### लोगों का चलना दूर्भर

पार्षद संजय तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग अभी भी बेहद जर्जर हालत में है। लोगों का चलना दूभर है। पत्थलगांव की आम जनता अच्छी सड़क की राह देख रही है। जो अभी तक तो पूरा होता नहीं दिख रहा है। वरिष्ठ पत्रकार राजेश अग्रवाल ने कहा कि आम जनता को जर्जर सड़क से कब मुक्ति मिलेगी यह कहा नहीं जा सकता। वरिष्ट अधिवक्ता मोहन यादव ने कहा कि गड्ढे रहित सड़क आम लोगों के लिए बेहद जरूरी है पर उसे बनाने कोई खास पहल नहीं की जा रही है। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष सत्या मिर्रे ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के गड्ढे स्थानीय लोगों के लिए हमेशा मुश्किलों भरा रहा है। शहर की सड़कों में चलने वक्त खुद को गड्ढों से बचाकर सही सलामत घर पहुंचना बड़ी चुनौती है।

### विभाग नहीं दे रहा ध्यान

समाजसेवी शंकर गुप्ता ने कहा कि शहर की सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हैं। जिसमें दुर्घटना होने से गम्भीर चोट लगेगी पर सड़क विभाग और बड़े अफसर इसमें ध्यान नहीं देते हैं। आम शहरी मजबूर है गड्ढों वाली सड़क में चलने के लिए। पार्षद जनार्दन पंकज सड़क में हमेशा गड्ढे बने ही रहते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग पूरी तरह लापरवाही बरतता है। जिसके कारण शहर वासी हमेसा परेशान रहते हैं। ग्रामीण विकास परिषद अध्यक्ष रविंद्र सिंह भाटिया ने कहा कि बेहतर सड़क चलने लायक बनाकर देने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की है जिस तरह कुछ दिन पूर्व ही ठेकेदार के द्वारा सड़क रिपेयरिंग किया जा रहा था पर खराब सड़क बनाने के कारण कुछ दूरी की सड़क को उखाड़ा भी गया अगर खराब सड़क बनाई जा रही थी तो ठेकेदार के ऊपर जांच कराने की आवश्यकता थी।

कोतबा में दर्दनाक सड़क हादसा

# युवा क्रिकेटर का शव सड़क किनारे झाड़ियों में मिला



**कोतबा।** नगर के गोलियागढ़ मार्ग पर मंडी प्रांगण के पास रविवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कोतबा के वार्ड क्रमांक 15, बैगाबहार निवासी रविप्रकाश तिर्की (32 वर्ष) के रूप में हुई है, जो क्षेत्र के एक बेहतरीन युवा क्रिकेटर भी थे।

- डॉक्टर नहीं होने से पोस्टमार्टम के लिए दिनभर भटकते रहे परिजन

पुलिस ने प्रथम दृष्ट्या इसे सड़क दुर्घटना का मामला बताया है। जानकारी के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 7 बजे कोतबा निवासी कमलेश साहू मॉर्निंग वॉक से लौट रहे थे, तभी उनकी नजर सड़क किनारे झाड़ियों मे एक अज्ञात युवक के शव पर गई। युवक मुंह के बल गिरा हुआ था। उसकी मोटरसाइकिल नीचे खेत मे नीचे गिरी हुई थी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना कोतबा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कोतबा के वार्ड 15 बैगाबहार निवासी रविप्रकाश तिर्की उम्र 32 वर्ष पिता तेजराम तिर्की के रूप में की। आशंका जताई जा रही है कि देर रात बाइक अनियंत्रित होकर झाड़ियों में जा गिरी, जिससे यह हादसा हुआ। परिजनों ने बताया कि रविप्रकाश शनिवार शाम 4 बजे कुछ दोस्तों ▶▶ शेष पेज 4 पर

# जोगपाल पब्लिक स्कूल में मना हेलोवीन डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

जोगपाल पब्लिक स्कूल में शनिवार को हेलोवीन डे फूड विदाउट फायर एवं सेल्फ इंट्रोडक्शन प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

- फूड विदाउट फायर व सेल्फ इंट्रोडक्शन प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चे

कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी, जेकेजी एवं एसकेजी के नन्हे बच्चों द्वारा सेल्फ इंट्रोडक्शन से हुई। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय देकर सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात कक्षा पहली से पांचवीं के विद्यार्थियों ने हेलोवीन डे सेलिब्रेशन में भाग लिया। फैंसी ड्रेस में सजे बच्चों ने भूत, चुड़ैल, जोकर और वैम्पायर जैसे डरावने किरदारों को जीवंत किया। बच्चों ने रैंप वॉक, नृत्य एवं अभिनय प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रोचक बना दिया। विद्यालय को हॉरर थीम पर सजाया गया था, जिसमें आकर्षक



लाइटिंग और डरावनी सजावट देखने को मिली। शिक्षकों ने बच्चों को हेलोवीन के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि यह पर्व मृत आत्माओं की स्मृति में मनाया जाता है। वहीं कक्षा छठवीं से नौवीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा फूड विदाउट फायर कुकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। छात्रों ने सैंडविच, भेलपुरी, सेवपुरी, लड्डू, मिठाइयाँ, फ्रूट चार्ट आदि स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए। बच्चों ने स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए अपने व्यंजनों को आकर्षक ढंग से सजाया तथा साथियों व शिक्षकों के साथ साझा किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय राय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और स्वच्छता की भावना का विकास होता है, इसलिए इस प्रकार की गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार सभी प्रतियोगिताएँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं और विद्यालय में आनंद एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

# डीपीएस प्राइमरी बालाजी में मना ग्रैंड पैरेंट्स डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

डीपीएस प्राइमरी बालाजी जशपुर में 13 दिसंबर शनिवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, स्नेह और भावनात्मक वातावरण में किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर दादा-दादी और नाना-नानी की मुस्कान से खिल उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके दादा-दादी के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करना तथा पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों को सहेजना था।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपने दादा -दादी का तिलक कर, पुष्प भेंट के साथ आत्मीय स्वागत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के चेहरों पर अपने दादा-दादी को विद्यालय में पाकर विशेष उत्साह और गर्व झलक रहा था।

दादा दादी के आत्मीय स्वागत के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग



सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों ने कविता पाठ, नृत्य, गीत और लघु नाटिका के माध्यम से अपने दादा-दादी के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। विशेष रूप से "मेरे दादा-दादी" विषय पर प्रस्तुत नृत्य और संवाद ने उपस्थित सभी अतिथियों को भावुक कर दिया। कई दादा-दादी अपने पोते-पोतियों की प्रस्तुति देखकर भावनाओं से भर उठे। कार्यक्रम के दौरान दादा-दादी के लिए रोचक खेल और गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन गतिविधियों ने न केवल मनोरंजन किया बल्कि पीढ़ियों के बीच आपसी समझ और संवाद को भी सशक्त बनाया। बच्चों ने खेलों में अपने दादा-दादी का उत्साहवर्धन किया, जिससे वातावरण और भी आनंदमय हो गया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर ओम प्रकाश सिन्हा ने दादा-दादी के अनुभवों और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। विद्यालय का यह प्रयास बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ने और पारिवारिक रिश्तों की अहमियत समझाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। कार्यक्रम के अंत में दादा जी सेवा निवृत्त शिक्षक एवं दादीजी रजनी प्रधान ने भी अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय की इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

# एसएसपी ने ली अनुविभागवार अपराध समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने रविवार को पुलिस कार्यालय जशपुर में अनुविभागवार अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित अपराध, चालान, मर्ग व शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

एसएसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वर्ष का अंतिम माह चल रहा है, ऐसे में लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। विवेचना में लापरवाही बरतने वाले विवेचकों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक



के दौरान एसएसपी ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अवैध गतिविधियों में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके खिलाफ कठोर विभागीय व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गौ-तस्करी, अवैध शराब, गांजा व नशीली दवाओं की तस्करी, जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध कारोबारों पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए। राज्य में चल रही धान खरीदी को देखते हुए झारखंड से छत्तीसगढ़ में हो रहे अवैध धान परिवहन पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मुखबिर तंत्र और साइबर यूनिट को सक्रिय करने के निर्देश

कानून व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए मुखबिर तंत्र को और अधिक सक्रिय करने, सूचना देने वालों की गोपनीयता सुनिश्चित करने तथा प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल सत्यापन कर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। वहीं साइबर यूनिट को थानों से मांगी गई तकनीकी जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने और साइबर पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### जनसुनवाई और पुलिसिंग पर विशेष जोर

एसएसपी ने कहा कि कोई भी फरियादी थाना या चौकी से निराश होकर न लौटे। सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो और शालीन व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। निगरानी बदमाशों की नियमित चेकिंग, पैदल मार्च, कांबिंग गश्त और शाम के समय प्रभारी अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में विजिबल पुलिसिंग करने के निर्देश भी दिए गए।

# लोदाम में 40 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर



- झारखंड से पिकअप में लाया जा रहा था धान
- दो वाहन पकड़े, दो चालक हिरासत में

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सीजन के बीच सरहदी राज्यों से अवैध धान की आमद पर जशपुर पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। इसी क्रम में लोदाम थाना क्षेत्र अंतर्गत शंख नदी पुल के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड से अवैध रूप से लाया जा रहा 40 क्विंटल धान जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान दो पिकअप वाहन और 96 बोरी धान पकड़ा गया, जिसकी कीमत लगभग 92 हजार रुपए आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार 13 दिसंबर की रात करीब 9 बजे लोदाम पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी शंख नदी पुल के पास संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान झारखंड की ओर से आ रही दो पिकअप वाहनों क्रमांक जेएच-01 -एफडी -3309 और जेएच-01 -इयू-0967 को रोककर तलाशी ली गई। दोनों वाहनों में 48-48 बोरी, कुल 96 बोरी धान भरा मिला, जिसका कुल वजन 40 क्विंटल था। वाहन चालकों ने पूछताछ में अपना नाम साजिद आलम उम्र 27 वर्ष, निवासी गुलाम आजाद बस्ती, गुमला झारखंड और जिसान आलम उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम पिस्का, नगड़ी, जिला रांची बताया। दोनों ने धान झारखंड के सिसई और नागफनी क्षेत्र से लाना स्वीकार किया, लेकिन धान से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने दोनों पिकअप वाहनों सहित धान जब्त कर आगे ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दोकड़ा में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

# हिन्दू समाज की एकता ही राष्ट्र की शक्तिः साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के दोकड़ा में रविवार को विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों की संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति, युवा एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। पूरे नगर में धर्म, संस्कृति और एकता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवनारायण साहू प्रान्त संगठन मंत्री, विद्या भारती शिशु मंदिर रहे।

- हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु, निकाली गई भव्य रैली

आयोजकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया।सम्मेलन की शुरुआत



शिशु मंदिर परिसर से भव्य रैली के रूप में हुई। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दोकड़ा बस स्टैंड पहुंची और वहां से पुनः नगर के सभी मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस शिशु मंदिर प्रांगण में पहुंची। रैली के दौरान "जय श्री राम", "भारत माता की जय" जैसे गगनभेदी नारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। रैली के पश्चात शिशु मंदिर प्रांगण में विशाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं भगवान श्रीराम के चित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना से की गई। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में सहभागिता की, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर आदिवासी नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने क्षेत्र की समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

### सांस्कृतिक मूल्यों पर जोर

मुख्य अतिथि देवनारायण साहू ने अपने संबोधन में सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज की एकता ही राष्ट्र की शक्ति है।

### धार्मिक आस्था का संचार

सम्मेलन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी, संतगण, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में हुआ।इस विशाल हिन्दू सम्मेलन ने दोकड़ा क्षेत्र में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक आस्था को नई ऊर्जा प्रदान की।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

